भारत सरकार

गृह मंत्रालय

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या 1407**

दिनांक 02.12.2014/ 11 अग्रहायण, 1936 (शक) को उत्तर के लिए

**राजभाषा अधिकारी**

**1407. श्री सुमेधानन्द सरस्वती:**

क्या **गृह मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकारी क्षेत्र के विभिन्न उपक्रमों (पीएसयू) में राजभाषा अधिकारियों के पद बड़ी संख्या में रिक्त हैं;
(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या हैं और इसके कारण क्या है;
(ग) क्या सरकार ने सरकारी उपक्रमों को इस संबंध में कोई निदेश जारी किए हैं; और
(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या हैं और इस पर सरकारी उपक्रमों की क्या प्रतिक्रिया हैं?

**उत्तर**

गृह मंत्रालय में राज्य मंत्री **(श्री किरेन रिजिजू)**

**(क)से(घ): सार्वजनिक क्षेत्र के विभिन्न उपक्रमों (पीएसयू) में राजभाषा अधिकारियों के रिक्त पदों की संख्या के संबंध में राजभाषा विभाग में केन्द्रीकृत रुप से जानकारी नहीं रखी जाती है। संबंधित सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रमों द्वारा हिंदी अधिकारियों/कर्मचारियों के रिक्त पदों को अपने प्रशासनिक मंत्रालयों/विभागों के परामर्श से सीधे भरा जाता है। राजभाषा विभाग ने केन्द्र सरकार की राजभाषा नीति के अनुपालन/कार्यान्वयन हेतु हिंदी के पदों के सृजन के लिए मानदंड जारी किए हैं। राजभाषा विभाग ने रिक्त पदों को भरने के लिए सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रमों को कोई निदेश जारी नहीं किया है।**

---